No. of Printed Pages : 4

बी.एच.डी.एफ.-101

21637

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2013

बी.एच.डी.एफ.-101 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *सभी प्रश्न* ***अनिवार्य*** *है।*

---

1. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्याय लिखिए : 5
अग्नि, इच्छा, कृष्ण, तालाब, हाथ

2. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 5
(क) आसमान सिर पर उठाना
(ख) चिराग तले अँधेरा होना

3. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए : 5
सर्वोत्तम, नाविक, संपूर्ण, सदैव, अधरोष्ठ

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए : 10
(क) कन्या भ्रूण हत्या में पितृसत्ता की भूमिका अथवा देश से कम होती लड़कियाँ
(ख) गांवों से शहरों की ओर पलायन के दुष्परिणाम
(ग) मेरी प्रिय पुस्तक
(घ) दहेज प्रथा एक अभिशाप

5. आपके क्षेत्र में अनधिकृत मकान बनाए जाने की रोकथाम के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखिए। 5

6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और इसके आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

आज का युग जितनी तरक्की कर रहा है, उसका श्रेय व्यावसायिक उत्पादन को दिया जा रहा है। कुछ देश विकसित कहे जाते है, कुछ विकासोन्मुख। विकसित देशों ने तकनीकि का देश के विकास के लिए पूर्ण रूप से उपयोग किया। ऐसे देश नाना प्रकार की सामग्री का उत्पादन करते हैं और उस सामग्री की खपत के लिए बाज़ार ढूंढते हैं। अत्यधिक उत्पादन क्षमता के कारण ही ये देश विकसित और अमीर हैं। गरीब देश उनकी बराबरी करने के उद्देश्य से उत्पादन की तकनीक प्राप्त करने और उत्पादन क्षमता बढ़ाने का स्वप्न देखते हैं। लेकिन अमीर होने की विकासशील देशों की तमन्ना ने सारे विश्व में वायुमंडल प्रदूषण यंत्रों की भीड़ लगा दी है। इन प्रदूषण बढ़ाने वाले कारखानों-फैक्टरियों से निकलते विषाक्त कचरे और गैसों से अनेक प्रकार की बिमारियाँ पैदा हुई हैं। सारा पर्यावरण दूषित हो चला है। यहाँ तक कि पक्षी और वनस्पतियों के अस्तित्व का खतरा पैदा हो गया है। विज्ञान और तकनीकि के विकास ने जहाँ एक ओर मानव जीवन को अनेकानेक सुख-सुविधाएं और आराम दिलाने में सहायता की है, वहीं दूसरी ओर उसके अत्यधिक उपयोग से मानव जीवन ही संकट से घीर रहा है। यदि हमे अपने भविष्य के प्रति थोड़ी सी भी चिंता है, तो नैसर्गिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन तथा अमीर देश के स्वप्न को बिसराना होगा।

(क) विकसित और विकासोन्मुख देश में क्या अंतर है?

(ख) विश्व की जलवायु क्यों प्रदूषित हो रही है?

(ग) पृथ्वी के जीवशून्य होने का खतरा क्यों मँडराने लगा है?

(घ) विज्ञान ने मनुष्य का हित किस प्रकार किया है?

इस खण्ड में शामिल प्रश्नों के उत्तर केवल बी.एच.डी.एफ.-**101** के विद्यार्थी दें।

7. निम्नलिखित में से किसी एक का आशय लगभग 200 शब्दों में लिखिए : 5

(क) चढ़ रही थी धूप
गर्मियों के दिन
दिवा का तमतमाता रूप
उठी झुलसाती हुई लू
रूई ज्यों जलती हुई भू
गर्द चिनगी छा गयीं,
प्राय: हुई दोपहर,
वह तोड़ती पत्थर।

(ख) 'चौधरी साहब, तम तो कहो ते सरकार ने चूहडे-चमारों के जाकतों (बच्चों) के लिए मदरसों के दरवाजे खोल दिए हैं और यहाँ तो हेडमास्टर मेरे इस जाकत कू पढ़ाने के बजाए क्लास से बाहर लाके दिन भर झाड़ू लगवावे है। जिब यो दिन भर मदरसे में झाड़ू लगावेगा तो हब तम ही बताओ पढ़ेगा कब?' पिताजी प्रधान के सामने गिड़गिड़ा रहे थे। उनकी आँखों में आँसू थे। मैं पास खड़ा पिताजी को देख रहा था।

8. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 200-200 शब्दों में लिखिए : 5x2=10

(क) महादेवी वर्मा बाल-विवाह और विधवा-समस्या को स्त्री जीवन के अभिशाप के रूप में क्यों देखती हैं?

(ख) धर्म की आड़ में पलने वाले भ्रष्टाचार पर 'वैष्णव की फिसलन' व्यंग्य निबंध के आधार पर टिप्पणी लिखिए।

(ग) हल्कू को खेती छोड़ने की सलाह देने के पिछे मुन्नी का मंतव्य स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'बहुत बड़ा सवाल' के माध्यम से शिक्षित निम्न मध्य वर्ग की पाखंडपूर्ण मानसिकता पर टिप्पणी लिखिए।